**मुख्य समाचार :—**

- हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में छह लोगों की मृत्यु। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।
- प्रदेश सरकार ने मनसा देवी मंदिर मार्ग घटना में मृतकों के परिजनों को 02—02 लाख रुपये और घायलों को 50 —50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए कल मतदान होगा। पोलिंग पार्टियां संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुई।
- नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट। उत्तरकाशी में स्यानाचट्टी के पास अवरुद्ध यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू करने का कार्य जारी।

**मनसा देवी**
हरिद्वार जिले में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में छह लोगों की मृत्यु की खबर है। बताया जा रहा है कि बिजली के तार में करंट की अफवाह के कारण यह भगदड़ मची। पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य राहत दल मौके पर पहुँचकर राहत और बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। हादसे में घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया है। पत्रकारों से बातचीत में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर भेजा रहा है। उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक कारणों की जाँच की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मनसा देवी यात्रा मार्ग पर हुई भगदड़ पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुःखद घटना में मृत लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

**हरिद्वार हादसा**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर हुई भगदड़ की घटना में 06 श्रद्धालुओं की मृत्यु होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में शोकसंतप्त परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना में मृतकों के परिजनों को 02—02 लाख और घायलों को 50 —50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी हरिद्वार को घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं और जिलाधिकारी हरिद्वार को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जा रही है।

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इस दुर्घटना में 05 गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। इसके अतिरिक्त 23 अन्य घायल श्रद्धालुओं का उपचार जिला चिकित्सालय हरिद्वार में चल रहा है, जहां सभी घायलों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस बीच, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी घटनास्थल का जायजा और घायलों से मुलाकात करने के लिए हरिद्वार पहुंच गए हैं।

**मन की बात**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यूनेस्को ने महाराष्ट्र के 12 मराठा किलों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स का दर्जा दिया है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 124वें एपिसोड में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की आवश्यकता दोहराई, ताकि विभाजन के दर्द और बलिदान को स्मरण रखा जा सके। श्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय गणित और रसायन विज्ञान ओलंपियाड में भारतीय छात्रों की अभूतपूर्व सफलता की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इंस्पायर—मानक जैसी योजनाओं से नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के दूसरे और अंतिम चरण के लिए कल मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने सभी मतदेय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की है। इसी क्रम में आज सभी पोलिंग पार्टियों को उनके मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा रहा है। दूसरे चरण में चमोली जिले के 411 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। जिसके लिए ब्लॉक मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। इसी तरह उत्तरकाशी के भटवाड़ी, डुंडा और चिन्यालीसौड़ ब्लॉक में भी कल मतदान होगा। उधर, पौड़ी जिले में आज 548 पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य सुचारू, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।

## लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 75 प्रतिशत रेटिंग के साथ विश्व के सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता के रूप में उभरे हैं। अमरीका स्थित डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के एक सर्वेक्षण में श्री मोदी को 75 प्रतिशत रेटिंग मिली है। सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री मोदी को विश्व में अपने समकक्ष नेताओं से बहुत आगे दिखाया गया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे–म्यांग 59 प्रतिशत रेटिंग के साथ दूसरे और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली तीसरे स्थान पर रहे।

## शिक्षा मंत्रालय

छात्रों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि स्कूलों और बच्चों से जुड़ी सभी सार्वजनिक सुविधाओं का राष्ट्रीय सुरक्षा संहिता और आपदा प्रबंधन दिशानिर्देशों के अनुरूप सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य किया जाए। निर्देशों में कहा गया है कि स्कूल परिसरों में अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास, विद्युत तारों की स्थिति और संरचनात्मक मजबूती की गहन जांच की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी सुविधाएं बच्चों की सुरक्षा के अनुकूल हों। आपात स्थितियों से निपटने के लिए छात्रों और स्टाफ को प्रशिक्षित करना आवश्यक होगा। इसके लिए स्थानीय प्रशासन, एनडीएमए, दमकल विभाग, पुलिस और स्वास्थ्य एजेंसियों के सहयोग से मॉक ड्रिल्स आयोजित की जाएंगी।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट और देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़ में येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी देहरादून में आज बादल छाए हुए हैं और रुकरुक कर बारिश का दौर जारी है। वहीं, राज्य के पर्वतीय जिलों बागेश्वर, चंपावत और अल्मोड़ा में बीती रात भारी बारिश हुई है। उधर, उत्तरकाशी जिले में स्यानाचट्टी के पास भूस्खलन के चलते अवरुद्ध यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू करने का कार्य जारी है। जिले के फूलचट्टी के पास पिछले दिनों भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क की लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कर उसे चालू कर दिया गया है। बागेश्वर जिले में बारिश और भूस्खलन के कारण 14 सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से यातायात प्रभावित है। प्रशासन का कहना है कि अवरुद्ध मार्गों से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश के कारण काम बाधित हो रहा है। प्रशासन ने आम जनता से इन मार्गों पर अनावश्यक यात्रा से बचने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

## सेला पर्व

पौड़ी जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में यमकेश्वर के कुनाउ चौड़ पर वन गुज्जर जनजाति समुदाय के बीच विधिक जागरूकता शिविर और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'मूल वृक्ष वृक्षारोपण महोत्सव– सेला पर्व' में प्रतिभाग करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नाजिश कलीम ने वन गुज्जर जनजाति समुदाय के लोगों को वन अधिकार कानूनों, संवैधानिक सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। यह महोत्सव 30 जुलाई तक मनाया जाएगा।